**बीईएमएल लिमिटेड के नया निदेशक (रेल & मेट्रो व्यवसाय), श्री अमित बेनर्जी**

श्री अमित बेनर्जी को बीईएमएल लिमिटेड में निदेशक (रेल और मेट्रो व्यवसाय) और बोर्ड सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्होंने आज (09.10.2020) पदभार ग्रहण कर लिया है।

वे आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी से यांत्रिक इंजीनियरिंग में स्नातक हैं और वर्ष 1984 में बीईएमएल में सहायक इंजीनियर के रूप में शामिल हुए थे। बीईएमएल में तीन दशकों से अधिक अपने पेशेवर कैरियर में, श्री बेनर्जी ने अनुसंधान एवं विकास और निर्माण कार्यों में काम किया है। उनके अनुभव में एसएसईएमयू, मेट्रो कार, कैटेनरी मेन्टेनेन्स वाहन आदि जैसे विभिन्न उत्पादों का डिज़ाइन और विकास शामिल है।



उनके मार्गदर्शन में, उनकी टीम को दिल्ली मेट्रो के लिए ऑस्टेनिटिक स्टेनलेस स्टील ईएमयू और इंटरमीडिएट मेट्रो कारों के डिजाइन और विकास के प्रति डिजाइन प्रयास के लिए रक्षा मंत्री पुरस्कार मिला। उन्होंने रोलिंग स्टॉक एग्रीगेट्स के चरणबद्ध स्वदेशीकरण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

वर्तमान पद का ग्रहण करने से पहले, श्री अमित बेनर्जी कार्यकारी निदेशक (रेल और मेट्रो) थे।

बेंगलूर
9 अक्तूबर 2020

बीईएमएल लिमिटेड द्वारा रिलीस